दिनांकः 20.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राज्य सरकार ने सांचौर में फर्जी आधार कार्ड मामले की जांच सीबीआई से कराने की सिफारिश केंद्र को भेजी है। आज राज्य विधानसभा में कांग्रेस विधायक रतन देवासी के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने यह जानकारी दी। श्री पटेल ने बताया कि आईटी मंत्रालय ने 28 जून को राज्य सरकार को पत्र लिखकर इस मामले की जांच सीबीआई से कराने का सुझाव दिया था। उन्होंने कहा कि इस मामले में कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। श्री देवासी ने कहा कि यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ है और इसे गंभीरता से लेना चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि सांचौर में 14 आधार ऑपरेटर्स की जांच के बाद उनके लाइसेंस सस्पेंड किये गये हैं।

....

केन्द्र सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी विपक्षी दलों से सहयोग का अनुरोध करेगी। बजट सत्र सोमवार से शुरू होकर अगले महीने की 12 तारीख तक चलेगा। आम बजट 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। ये नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है।

....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर स्थित हिंगोनिया गौ पुनर्वास केंद्र में 'एक पेड़ मां के नाम' सघन वृक्षारोपण अभियान की पौधा लगाकर शुरूआत की। गोपालन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य और देवस्थान विभाग की ओर से चलाए जा रहे इस अभियान के तहत गौशाला क्षेत्र में 5 हजार 501 पौधे लगाए जाएंगे। इस मौके पर देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम सहित जयपुर सांसद मंजू शर्मा भी मौजूद रहीं। गौरतलब है कि इन विभागों द्वारा प्रदेशभर में 25 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।
उधर, सांचौर में भूतेल के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों ने पौधरोपण किया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पांच सौ से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। वहीं अणखोल के चारागाह भूमि पर मनरेगा के मजदूरों ने भी क्षेत्र को हरा भरा बनाने के लिए पौधे लगाए।
अजमेर की करकेड़ी पंचायत में "हरियालो राजस्थान" अभियान के तहत अब तक चार हजार पौधे लगाए जा चुके हैं। पंचायत ने 30 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान में तीस हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इस दौरान सरकारी और निजी अस्पतालों, स्कूलों सहित गांव में विभिन्न स्थानों पर पौधे वितरित किये जा रहे हैं।

....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज भरतपुर और डीग जिले के दौरे पर रहेंगे। श्री शर्मा दोपहर बाद पूछरी का लौठा पहुंचेंगे, जहां वे श्रीनाथजी की पूजा अर्चना करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री गोवर्धन परिक्रमा देने आ रहे भक्तों के लिए लगाए गए भंडारे तथा प्याऊ पर अपनी सेवाएं देंगे। श्री शर्मा पूंछरी के गेस्ट हाउस से ही चीफ मिनिस्टर कॉन्क्लेव मीटिंग में वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से जुड़ेंगे। उनका रात में गेस्ट हाउस में ही रुकने का कार्यक्रम है। कल मुख्यमंत्री गुरुपूर्णिमा के अवसर पर वे भरतपुर के लुधावई हनुमान मंदिर में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

....

भरतपुर के सोनेरा गांव में आज महिला किसानों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। कृषि विभाग की ओर से लगाए गए इस शिविर में करीब 30 महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और फसलों में लगने वाले रोग की पहचान तथा उसके कीटनाशक दवाओं के बारे में बताया गया।

....

पाली में बेल्जियम से आए 22 सदस्यों के एक प्रतिनिधि दल ने देसूरी उपखंड के सादड़ी में बने कैमल करिश्मा संस्थान का दौरा किया। दल ने ऊंटनी के दूध और दूध से बने उत्पाद तथा ऊंटो के भोजन सहित कई विषयों पर अध्ययन किया। इस दौरान सैलानियों ने राजस्थानी व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया।

....

बूंदी में मॉनसून के दौरान मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्सा विभाग की ओर से एंटी लार्वा गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ पी सामर ने बताया कि जिले में आशा और एएनएम घर–घर में सर्वे कर मच्छरों की रोकथाम के लिए आमजन को जागरुक कर रहे हैं। इसके अलावा जिले में नियमित रूप से फोगिंग भी करवाई जा रही है।

....

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के पूर्वी हिस्सों में कहीं–कहीं भारी वर्षा दर्ज की गई। सबसे ज्यादा 66 मिलीमीटर बरसात कोटा के पीपलदा में हुई। भीलवाडा में कल कहीं–कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के मांडल, रायडा, सरेड़ी, आसींद और गंगापुर में तेज वर्षा होने से जलाशयों में पानी की अच्छी आवक हो रही है। विभाग के अनुसार आज अजमेर संभाग को छोड़कर राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में बारिश की संभावना है।

....